राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 06 जनवरी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भारत जोड़ो यात्रा का विस्तार करते हुए आगामी 26 जनवरी, 2023 से प्रदेश में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान प्रारम्भ होगा। अभियान को सफल बनाने हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश के सभी जिलों में जिले के गाँव व ब्लॉकों में स्थानीय प्रमुख कांग्रेसजनों से समन्वय स्थापित करने हेतु वरिष्ठ कांग्रेसजनों को जिला समन्वयक नियुक्त किया है।

हाथ से हाथ जोड़ो अभियान आगामी 26 जनवरी, 2023 से प्रारम्भ होकर दो माह तक चलेगा। अभियान को सफल बनाने हेतु नियुक्त सभी जिला समन्वयक अपने से संबंधित जिले व जिले के अन्तर्गत आने वाले गाँव एवं ब्लॉकों में स्थानीय प्रमुख कांग्रेसजनों से समन्वय स्थापित कर अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करेंगे, साथ ही सभी समन्वयक अपने से संबंधित जिले में चलने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की एक विस्तृत रिपोर्ट राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भिजवाएंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान हेतु नियुक्त जिला समन्वयकों की सूची संलग्न है।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197